

# कुत्ते की मौत से-भिड़े दो गुट, डीजे की धुनों पर ऐतराज

## थाने तक पहुंचा बवाल, हिंदू उत्सव समिति की एंट्री



नवभारत न्यूज

**विदिशा 28 सितम्बर लोगों के विवादों को झगड़े और हंगामों में बदलते देखा होगा, लेकिन विदिशा शहर में उदयनगर कालोनी में एक पालतू कुत्ते की मौत के बाद मामला इतना बढ़ा कि दो गुट आमने-सामने आ गए, सैकड़ों की भीड़ जमा हो गई और आखिरकार पुलिस को बीच-बचाव करना पड़ा. विवाद डीजे की तेज आवाज़ से जुड़ा बताया जा रहा है.यह विवाद मोहल्ले से निकलकर थाने तक पहुंच गया.**

नवरात्रि के अवसर पर हर साल की तरह यहां इस बार भी माता की झांकी सजाई गई थी. झांकी में ढोल-नगाड़ों और डीजे की तेज धुनों से माहौल भक्तिमय और ऊर्जावान हो उठा. लेकिन इसी झांकी के नज़दीक रहता है हेमंत अहिरवार का परिवार, जिनके घर का पालतू कुत्ता अचानक मर गया. परिवार का कहना है कि डीजे की कानफोड़ आवाज़ उनके कुत्ते की मौत की वजह बनी. शोकाकुल परिवार ने डॉगी का अंतिम संस्कार घर के सदस्य की तरह करने की तैयारी की. परिवार के सदस्यों ने डीजे बंद करने की बात कही गई. डीजे बंद न होने पर हेमंत अहिरवार ने खुद झांकी में लगे डीजे के तार खींच दिए. बस यहीं से माहौल बिगड़ गया.कुत्ते की मौत पर शिकयतकर्ता ने आरोप लगाए कि डीजे इतनी तेज बजाया जा रहा है जिसकी शिकायत हम पहले से कर रहे थे. हमारी बात किसी ने नहीं मानीज इससे हमारे कुत्ते की मौत हो गई.डीजे बंद करने की कोशिश ने झांकी संचालकों को नाराज़ कर दिया. उनका कहना था कि यह परिवार शुरू से ही झांकी के खिलाफ था और अब कुत्ते की मौत को बहाना बना रहा है. लोगों का कहना है कि यह परिवार हमेशा झांकी का विरोध करता रहा है. अब कुत्ते की मौत का मुद्दा बना लिया. डीजे के तार खींचे जाने के बाद दोनों पक्षों के बीच जमकर हंगामा हुआ. देखते ही देखते दर्जनों लोग जुट गए और विवाद इतना बढ़ गया आरोप लगे कि झांकी को आग लगाने की धमकी दी गई. भीड़ को काबू करना पुलिस के लिए चुनौती बन गया.विवाद को बढ़ता देख सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी को बीच-बचाव करना पड़ा.हमने दोनों पक्षों को समझाया है माहौल बिगड़ने नहीं देंगे. यह धार्मिक आयोजन का समय है, इसमें अशांति नहीं फैलनी चाहिए.मौके पर पहुंची पुलिस ने भी कई घंटों की मशक्कत के बाद स्थिति को नियंत्रित किया. इसके बाद दोनों गुटों को सिविल लाइन थाने लाया गया. दोनों पक्ष एक-दूसरे पर कार्रवाई की मांग करते हुए सिविल लाइन थाने पहुंचे जहां पर रहे और नारेबाजी करते रहे.

सिविल लाइन थाना प्रभारी आरके मिश्रा ने कहा कि फिलहाल किसी पर एफआईआर दर्ज नहीं हुई है. पूरे मामले की जांच की जा रही है. जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी. इस पूरे घटनाक्रम ने उदयनगर कॉलोनी को दो हिस्सों में बांट दिया. एक ओर वह परिवार है जो अपने कुत्ते की मौत को डीजे से जोड़ रहा है, तो दूसरी ओर झांकी संचालक हैं जो इसे सिर्फ एक बहाना बता रहे हैं.

# परिजनों ने लगाया आरोप, इलाज के दौरान बच्चे को दिखना हुआ बंद

## गार्ड द्वारा परिजनों के साथ मारपीट करने का लगाया आरोप



नवभारत न्यूज

**विदिशा 28 सितम्बर,** अटल बिहारी मेडिकल कॉलेज में भर्ती बच्चे के परिजनों ने डॉक्टर पर गलत इलाज करने का आरोप लगाया है. मेडिकल कॉलेज में बीना जोद निवासी रीना अहिरवार व उनके परिजनों ने बताया कि उन्होंने अपने बच्चे के इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में 8 दिन पहले भर्ती कराया था.इस दौरान बच्चे को निमोनिया होने के कारण उसकी तबीयत खराब थी उन्होंने कहा कि डॉक्टरों द्वारा इलाज सही तरीके से नहीं किया गया है. जिसके चलते बच्चे को पिछले कई दिनों से दिखना बंद हो गया है. बच्चे को डॉक्टर द्वारा इंजेक्शन लगाकर वेंटिलेटर पर रखा गया था. उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज में भर्ती करने से पहले बच्चे को पूरी तरह दिखता था अब वह किसी को भी नहीं पहचान पा रहा है. जिसके कारण से पूरा परिवार परेशान है. हम लोगों ने डॉक्टर से बच्चे की छुट्टी करने का कहा था, लेकिन उन्होंने बच्चे की छुट्टी नहीं की है.उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि रविवार को अस्पताल के गार्ड द्वारा उनके साथ मारपीट की गई और उन्हें बाहर भगा दिया गया.उन्होंने कहा कि हम बच्चे को लेकर बाहर आ गए हैं और जब तक बच्चे की छुट्टी के कागज नहीं मिलेंगे तब तक हम यहीं बैठे रहेंगे.

### क्या कहते हैं डीन

मेडिकल कालेज के डीन डा. मनीष निगम ने बताया कि 8 तारीख को बच्चे को इलाज के लिए भर्ती कराया गया था.बच्चे को पहले से झटके आने की बीमारी थी. इस बीमारी के कारण वायरस आंखों की नशों में जाने के कारण बच्चे की रोशनी चली गई.बच्चे की जान बचना मुश्किल थी, लेकिन डाक्टरों ने बड़ी मुश्किल से उसकी जान बचाई.जांच पड़ताल में बीमारी पकड़ में आ चुकी है, उसका लंबा इलाज चलेगा और उसका इलाज किया जा रहा था, लेकिन परिजन बच्चे की छुट्टी कराने की जिद पर अड़े थे.हम छुट्टी देने से मना नहीं कर रहे थे, लेकिन प्रोसेस पूरी करने के बाद ही छुट्टी की जाती है.उन्होंने कहा कि गार्ड द्वारा परिजनों के साथ किसी प्रकार की कोई मारपीट या बदसलूकी नहीं की गई है.

## नपा कराये धनराशि उपलब्ध

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** हिंदू उत्सव समिति के लिए सभी त्योहारों को धूमधाम से मनाने के लिए धनराशि नगर पालिका परिषद उपलब्ध कराई जाए. गंजबासौदा कांग्रेस पार्टी के सभी सात पार्षदों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र लिखा कि हिंदू उत्सव समिति द्वारा दशहरा पर्व धूमधाम से मनाने नगर पालिका परिषद राशि मुहैया कराए कांग्रेस पार्षदों ने हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष को भी पत्र लिखकर अपनी सहमति दी है.



## मुख्यमंत्री ने किया श्वेता सोनी को सम्मानित

नवभारत न्यूज

**विदिशा, कुरवाई में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पर्यवेक्षक परीक्षा में प्रदेश में ओवीसी कैटेगिरी में टॉप पर आने वाली स्वेता सोनी को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया और शुभकामनाएं दीं.**महिला एवं बाल विकास विभाग की जिलाधिकारी विनीता लोढ़ा ने बताया कि कर्मचारी चयन मंडल द्वारा मार्च माह में महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक की परीक्षा आयोजित की गई थी. जिसका परीक्षा परीणाम जून माह में आया था.जिसमें केंद्र क्रमांक मुखर्जीनगर 1 की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता स्वेता सोनी पत्नी अनिल सोनी ने ओबीसी कैटेगिरी में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया था. जिन्हें कुरवाई में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री यादव द्वारा सम्मानित किया गया.

## जिला जेल में हुआ पंच कुंडी गायत्री यज्ञ

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** नवरात्रि के पावन अवसर पर जिला जेल परिसर में आध्यात्मिक वातावरण के बीच पंच कुंडी गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया.इस यज्ञ में सभी कैदी भाइयों ने बड़े प्रेम और श्रद्धा भाव से भागीदारी की.कार्यक्रम में राम कटियार, सौरव गुप्ता, प्रकाश सोनकर, थान सिंह और पवन का विशेष सहयोग रहा. यज्ञ के दौरान उपस्थित कैदीगणों ने मंत्रोच्चार और हवन में भाग लेकर आत्मिक शांति का अनुभव किया.महिला वार्ड में भी एक कुंडी गायत्री यज्ञ सम्पन्न हुआ. इसमें गीता श्रीवास्तव, अंबिका कुमार और रश्मि द्विवेदी ने विशेष भूमिका निभाई.महिला कैदी बहनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और दीक्षा लेने के प्रति गहरी रुचि व उत्साह प्रकट किया.इस अवसर पर जेल परिसर में भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का विशेष वातावरण बना रहा.

# दुबई, अमेरिका के वासियों ने मंदिर में जलाई आस्था की ज्योत

## नवरात्रि में श्रद्धालुओं द्वारा बड़ी संख्या में मंदिरों में जलवाई जाती हैं ज्योति

नवभारत न्यूज

**विदिशा, नवरात्रि का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और धार्मिक माहौल के साथ मनाया जाता है. इस नवरात्रि पर्व के अवसर पर दुर्गा नगर स्थित ज्वाला देवी मंदिर में अमेरिका, दुबई और देश के अलग-अलग प्रदेशों के लोगों द्वारा अपनी-अपनी मन्नतों को लेकर नो दिनों तक अखंड ज्योति जलाई जाती है। इस दौरान 851 ज्योति तेल की और 251 ज्योति घी की जलाई जा रही हैं.**



देश और प्रदेश सहित नगर में नवरात्रि का पर्व बड़े ही धूमधाम और आस्था के साथ मनाया जा रहा है. इस दौरान लोग अपनी इच्छा अनुसार मन्नत पूरी होने पर मंदिरों में अखंड ज्योति जलाते हैं और मां की उपासना में नो दिनों तक पूजा अर्चना में लगे रहते हैं. इस दौरान जो लोग बाहर रहकर नौकरियों में लगे हुए हैं और उन्हें आने का समय नहीं मिल पाता है ऐसे लोग मंदिर पुजारी से संपर्क कर अपनी अखंड ज्योति मंदिर में देवी मां के पास जलवाते हैं. दुर्गा नगर स्थित ज्वाला देवी मंदिर पुजारी रामेश्वर दयाल चतुर्वेदी ने बताया कि इस ज्वाला देवी मंदिर में बड़ी संख्या में अखंड ज्योति जलाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान 851 अखंड ज्योति तेल की जलाई जा रही हैं और 251 अखंड ज्योति शुद्ध घी की जलाई जा रही हैं. उन्होंने कहा कि अखंड ज्योति नवरात्रि में जलाने पर लोगों की मनोकामना पूरी होती है और लोग अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर अखंड ज्योति जलाते हैं। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के अवसर पर भारत के लोग अमेरिका और दुबई सहित अन्य देशों में रहकर भी ज्वाला देवी मंदिर में अपनी अखंड ज्योति जलवाते हैं और हमारे देश के अन्य प्रदेशों के लोग भी बड़ी संख्या में अखंड ज्योति जलवाते हैं.उन्होंने कहा कि 251 ज्योति साल भर यहां जलाई जाती हैं. उन्होंने कहा कि शारदीय नवरात्रि और चैत्र नवरात्रि में श्रद्धालुओं द्वारा बड़ी संख्या में अखंड ज्योति जलाई जाती हैं और मंदिर में बड़े स्तर पर नगर कन्या भोज का आयोजन किया जाता है.





10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | HDFC BANK | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | BAJAJ AUTO CREDIT | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. हैट-ट्रिक सेविंग्स 22 सितंबर 2025 से मान्य. कुल सेविंग्स में शामिल है 100% GST लाभ, (एक्स शोरूम कीमत और लागू होने वाले RTO टैक्स पर), शून्य प्रोसेसिंग फी, और 1 साल का ओन डैमेज इंश्योरेन्स. शून्य PF और OD पर सेविंग्स फ़ायनान्सर/ इंश्योरेन्स-कर्ता पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. 5 वर्ष की स्टैण्डर्ड वॉरंटी + 5 वर्ष की विस्तारित वॉरंटी @ ₹999/-. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, नियंत्रित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें.

**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Raisen Road** SURJEET BAJAJ 2590000 • **Berasia Road** GURU KRIPA BAJAJ 4943966 • **MP Nagar** OM ADVANCE BAJAJ 9926101202 • **Biaora** YADAV BAJAJ 7987592880 • **Guna** KK BAJAJ **7303055855** • **Raisen** MOTI BAJAJ 8962448444 • **Sehore** SUDERSHAN BAJAJ **8225023340/9826023340 Shivpuri** KK Sales and Service **9425156633** • **Ashoknagar** SAHIL BAJAJ 7771887337. • **Vidisha** SHREE BALAJI BAJAJ 8839791436.